Roll No. ..............................

MBAH-11 (Master of Business Administration)

**First Semester, Examination–2014**

# MBAH-101

## Management Accounting

## प्रबंधकीय लेखांकन

**Time :** 3 Hours **Maximum Marks :** 60

**Note : The Question paper is divided into three sections A, B and C. Give the answer according to the directions given in each section.**

नोट : यह प्रश्न पत्र क्रमशः क, ख एवं ग तीन खंडों में विभाजित है। प्रत्येक खंड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दें।

### Section-A/ खंड-क

**(Long Answer Type Questions) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**Note : Answer any two Questions. Each Question carries 15 Marks.**

नोट : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 15 अंकों का है। (2×15 =30)

1. प्रबन्धकीय लेखांकन (Management Accounting) के उद्देश्य एवं क्षेत्र का वर्णन कीजिए। यह प्रबंध की आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा करता है, व्याख्या कीजिए।

2. वित्तीय विवरणों (Financial Statements) को परिभाषित कीजिए। "यह कहा जाता है कि वित्तीय विवरण लिपिबद्ध तथ्य, लेखांकन परम्परा व व्यक्तिगत निर्णय के समूह को प्रदर्शित करते हैं" विवेचना कीजिए।

3. कोष प्रवाह विवरण (Funds Flow Statement) क्या है? इसको बनाने के मूल उद्देश्य कौन-कौन से हैं? कोष प्रवाह विवरण कैसे तैयार किया जाता है?

4. कारखाना अभिलेख से आपको निम्न सूचनाएं उपलब्ध हुईं :

| | |
|---|---|
| विक्रय (30,000 इकाई) | 3,00,000 रु. |
| परिवर्तनशील लागत | 6 रु. प्रति इकाई |
| स्थिर लागत | 34,000 रु. |

आपको ज्ञात करना है :

(i) लाभ मात्रा अनुपात, सम-विच्छेद बिंदु तथा सुरक्षा सीमा।

(ii) प्रत्येक निम्न दशा में संशोधित लाभ मात्रा अनुपात, सम विच्छेद बिंदु तथा सुरक्षा सीमा ज्ञात कीजिए।

(अ) विक्रय मूल्य में 10% कमी।

(ब) परिवर्तनशील लागतों में 10% वृद्धि।

(स) विक्रय मात्रा में 5,000 इकाइयों की वृद्धि।

(द) स्थाई लागतों में 10,0000 रू. की वृद्धि।

## Section-B/ खंड-ख

## (Short Answer Type Questions) लघु उत्तरीय प्रश्न

**Note : Answer any four Questions. Each Question carries 5 Marks.**

**नोट : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है।** (4×5 = 20)

1. प्रबन्धकीय लेखांकन के प्रमुख उपकरणों (Tools) व तकनीकों का वर्णन कीजिए।

2. चिट्ठे (Balance Sheet) का प्रारूप एवं विषय सामग्री को समझाइए।

3. एक कम्पनी की पूँजी संरचना का निर्धारण करते समय किन-किन घटकों पर विचार किया जाना चाहिए?

4. एक नवीन व्यवसाय की स्थापना करने पर कार्यशील पूँजी की आवश्यकता का अनुमान लगाते समय किन-किन बातों पर ध्यान दिया जाता है? चर्चा कीजिए।

5. पूँजीगत व्यय निर्णय (Capital Expenditure Decisions) लेने के लिए कौन-कौन सी सूचनाओं की आवश्यकता होती है? विवेचना कीजिए।

6. Balance Sheet of Vilas Limited as on 31st March as follows :

विलास लिमिटेड के 31st मार्च के चिट्ठे निम्न प्रकार से हैं :

**Balance Sheet/स्थिति विवरण/चिट्ठा**

| **Liabilities दायित्व** | **2010 (Rs.)** | **2011 (Rs.)** | **Assets/ संपत्तियां** | **2010 (Rs.)** | **2011 (Rs.)** |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors/ लेनदार | 4,000 | 6,000 | Cash/ रोकड़ | 2,000 | 6,000 |
| Bills Payable/ देय विपत्र | 3,000 | 4,000 | Debtors/ देनदार | 8,000 | 4,000 |
| Outstanding Expenses/ अदत्त व्यय | 5,000 | – | Prepaid Expenses/ पूर्वदत्त व्यय | 3,000 | – |
| Debenture/ ऋणपत्र | 21,000 | 10,000 | Stock/स्टॉक | 20,000 | 14,000 |
| Equity Share Capital/ समता अंश पूँजी | 20,000 | 30,000 | Machinery/ मशीनरी | 10,000 | 26,000 |
| | | | Land/भूमि | 10,000 | – |
| | 53,000 | 50,000 | | 53,000 | 50,000 |

Prepare Fund Flow Statement.

कोष प्रवाह विवरण बनाइए।

7. कार्यशील पूँजी की परिचालन-चक्र की अवधारणा (The Operating Cycle Concept of Working Capital) पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

8. पूर्वानुमान तथा बजट में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## Section-C/ खंड-ग

## Objective Type Questions (Compulsory)
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न ( अनिवार्य )

**Note : Answer all Questions. Each Question carries 1 mark.**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।**

(10×1 = 10)

**Fill in the blanks with appropriate words or phrases;**

**उचित शब्द या वाक्यांश के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए;**

1. जब एक निगम अपनी अंश पूँजी के साथ-साथ ऋण पूँजी का प्रयोग अपने नियमित व्यापार का संचालन करने के लिए करता है, वह क्या कहलाता है?

2. ........................ में विनियोजित धन दीर्घकालीन पूँजी कहलाती है।

3. ........................ विधि में परिवर्तनशील व्ययों के साथ-साथ सभी प्रकार के स्थिर उपरिव्ययों को भी कुल लागत का अंग माना जाता है।

4. चालू दायित्वों में वृद्धि से कार्यशील पूँजी में ................ होती है।

5. ............................... ऐसी लेखांकन सूचना से सम्बन्धित है, जो प्रबन्धकों के लिए उपयोगी है।

**Indicate the correct answer-options;**

**उत्तर के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए;**

6. निम्न में से क्या पूँजी संरचना के आर्थिक उद्देश्य की श्रेणी में सम्मिलित नहीं है?

   (क) न्यूनतम पूँजी लागत।

   (ख) प्रबंध एवं नियंत्रण।

   (ग) लोचपूर्ण।

   (घ) प्रत्याय (Return)।

7. निम्न में से क्या स्वामित्व-पूँजी का स्रोत नहीं है?

   (क) समता अंश।

   (ख) पूर्वाधिकार अंश।

(ग) प्रतिधारित लाभ।

(घ) बंधपत्र।

8. पूंजीगत–बजटन के मूल्यांकन की किस पद्दति के अंतर्गत यह देखा जाता है कि विनियोग की वास्तविक लागत उससे प्राप्त होने वाले नगद लाभों में से कितने वर्षों में पूरी हो सकेगी?

(क) प्रत्यावर्तन अवधि पद्धति।

(ख) विनियोगों पर असमायोजित प्रत्याय पद्धति।

(ग) वर्तमान मूल्य पद्धति।

(घ) विनियोग पर समय संयोजित पद्धति।

9. वित्तीय विवरण विश्लेषण की निम्न में से किस तकनीक में दो या दो से अधिक वर्षों के समंकों को दिखाते हुए उनके मध्य हुए परिवर्तनों को दर्शाया जाता है?

(क) समानाकार वित्तीय विवरण

(ख) प्रवृत्ति विश्लेषण

(ग) तुलनात्मक वित्तीय विवरण

(घ) अनुपात विश्लेषण

10. निम्न में से क्या एक सुदृढ़ व उत्तम बजटिंग प्रणाली के आवश्यक तत्वों को संदर्भित करता है?

(क) बजट शिक्षा।

(ख) बजट में निष्ठा एवं विश्वास।

(ग) समय तत्व।

(घ) उपरोक्त सभी।